एक नजर इधर भी

गलत अपराधिक इतिहास भेजने पर हाईकोर्ट सख्त, पुलिस कमिश्नर को किया तलब

वाराणसी के चार आरोपियों की अग्रिम जमानत मंजूर, पुलिस की कार्यप्रणाली पर जतायी नाराजगी

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वाराणसी के मंडुवाडीह थाना क्षेत्र से जुड़े एक मामले में गलत आपराधिक इतिहास न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई। न्यायमूर्ति राजीव लोचन शुक्ला की एकलपीठ ने मामले में चार आरोपियों की अग्रिम जमानत मंजूर करते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर टिप्पणी की। मामले में आरोपियों राजेंद्र प्रसाद, सिकंदर प्रसाद उर्फ सिकंदर, चंद्रशेखर उर्फ चंद्रशेखर पटेल और आशीष श्रीवास्तव के विरुद्ध नौ मुकदमों का आपराधिक इतिहास प्रस्तुत किया गया था, जबकि उक्त मुकदमे समान नाम वाले दूसरे व्यक्ति से संबंधित थे। इस तथ्य के सामने आने पर न्यायालय ने वाराणसी के पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल को व्यक्तिगत रूप से तलब कर जवाब मांगा। पुलिस कमिश्नर ने न्यायालय में व्यक्तिगत हलफनामा प्रस्तुत करते हुए गलत आपराधिक इतिहास भेजने वाले अधिकारी के विरुद्ध विभागीय कारवाई किए जाने, पुलिसकर्मियों के प्रशिक्षण तथा आपराधिक इतिहास सत्यापन के लिए एसओपी जारी किए जाने की जानकारी दी। अदालत ने गलत आपराधिक इतिहास प्रस्तुत किए जाने को न्याय प्रशासन में हस्तक्षेप के रूप में गंभीरता से लिया। मामले के तथ्यों पर विचार करते हुए न्यायालय ने विवाद को प्रथम दृष्टया दीवानी प्रकृति का पाया तथा हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता नहीं मानी। आरोपियों की ओर से अधिवक्ता सना सिंह ने पक्ष रखा, जबकि अधिवक्ता अनिल वर्मा सह-अधिवक्ता रहे। न्यायालय ने चारों आरोपियों की अंतरिम अग्रिम जमानत की पुष्टि करते हुए अग्रिम जमानत याचिका स्वीकार कर ली।

कचहरी सीरियल ब्लास्ट की प्रगति रिपोर्ट तलब करने की मांग

घटना के १९ साल बाद भी विवेचना अधूरी होने पर बनारस बार के पूर्व महामंत्री ने सीजेएम को भेजा प्रार्थना पत्र

कचहरी में २३ नवंबर २००७ को हुए सीरियल बम ब्लास्ट की विवेचना १९ वर्ष बाद भी पूरी न होने पर बनारस बार के पूर्व महामंत्री नित्यानंद राय ने सीजेएम अदालत में प्रार्थना पत्र देकर विवेचना की प्रगति रिपोर्ट तलब करने की मांग की है। सीजेएम के अवकाश पर होने के कारण शनिवार को सुनवायी नहीं हो सकी। अब सोमवार २३ नवम्बर को सुनवायी होगी। कचहरी परिसर में हुए बम विस्फोट की प्राथमिकी कैंट थाने में तत्कालीन थाना प्रभारी इंद्रजीत चतुर्वेदी की ओर से दर्ज करायी गयी थी। मुकदमे में हत्या, हत्या के प्रयास, चोट पहुंचाने, संपत्ति क्षति, विस्फोटक अधिनियम तथा विधि विरुद्ध क्रियाकलाप अधिनियम की धाराओं में एफआईआर दर्ज करायी गयी थी। २३ नवंबर २००७ को दोपहर करीब डेढ़ बजे कचहरी परिसर में लगातार दो विस्फोट हुए थे। इस खौफनाफ घटना में तीन अधिवक्ताओं सहित नौ लोगों की मौत हुई थी तथा ५० से अधिक लोग घायल हुए थे। घटना के १९ वर्ष बाद भी विवेचना में अपेक्षित प्रगति न होने पर अदालत से विवेचना की प्रगति रिपोर्ट तलब किए जाने की मांग की गयी है।

धीरेन्द्र महिला पीजी कॉलेज में डॉक्टर प्रशांत मिश्र ने प्रस्तुत किया आकर्षक वायलिन वादन

धीरेन्द्र महिला पीजी कॉलेज में शनिवार को संगीत विभाग की ओर से एक विशेष संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बनारस



घराने के प्रख्यात कलाकार एवं राजस्थान संगीत संस्थान के सहायक आचार्य डॉक्टर प्रशांत मिश्र ने वायलिन वादन की मनमोहक प्रस्तुति दी। डॉक्टर मिश्र ने वायलिन के माध्यम से विभिन्न रागों तथा संगत की बंदिशों को प्रस्तुत करते हुए कई मधुर धुनों और गीतों की प्रस्तुति दी। उनके वादन ने उपस्थित छात्राओं एवं शिक्षकों को भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा और उसकी गहराइयों से परिचित कराया। इस अवसर पर छात्राओं को संगीत की बारीकियों, रागों की विशेषताओं, वादन शैली तथा संगत के महत्व को समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को संगीत की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना तथा शास्त्रीय संगीत के प्रति उनकी रुचि विकसित करना था। कार्यक्रम में डॉक्टर विनीता सिंह, डॉक्टर ममता पाण्डेय, डॉक्टर सारिका मिश्र, डॉक्टर रितिका प्रसाद, डॉक्टर प्रवीण पाण्डेय, डॉक्टर शिवानी सोनकर सहित समस्त प्राध्यापक और छात्राएं उपस्थित रहीं।

कैंट स्टेशन पर मिला नेपाल का १५ वर्षीय लापता बालक, जीआरपी ने चाइल्ड लाइन को सौंपा

कैंट रेलवे स्टेशन पर शनिवार को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) की संयुक्त टीम को चेकिंग के दौरान मध्य हॉल में एक १५ वर्षीय नेपाली बालक मिला। पूछताछ में उसकी पहचान चंदन यादव उर्फ रामकृष्ण यादव, पुत्र परमानंद यादव, निवासी मतऊना, जिला धनुषा, मधेश प्रदेश, नेपाल के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान बालक ने बताया कि वह काठमांडू में पढ़ाई करता है और वहां जाने के लिए उसने कैब बुक की थी। हालांकि, उसे यह जानकारी नहीं है कि वह कब वाराणसी पहुंच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जीआरपी ने नेपाल के स्थानीय सांसद, मेयर और जिले के पुलिस अधीक्षक से संपर्क किया। वहां से जानकारी मिली कि उक्त बालक की गुमशुदगी स्थानीय थाने में दर्ज है। बालक के वाराणसी पहुंचने की परिस्थितियों के बारे में फिलहाल कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। जीआरपी वाराणसी ने नेपाल में उसके रिश्तेदारों को सूचना दे दी है। वहीं, नाबालिग की सुरक्षा और देखभाल को ध्यान में रखते हुए उसे जीआरपी कैंट द्वारा चाइल्ड लाइन के सुपुर्द कर दिया गया।

केजे एजुकेशनल ग्रुप के पार्टी में शिवम बने मिस्टर फ्रेशर, अंशिका को मिला मिस फ्रेशर का खिताब

बाबतपुर। केजे एजुकेशनल ग्रुप के अंतर्गत संचालित केजे कॉलेज ऑफ फार्मेसी एवं सन्मुख कॉलेज ऑफ फार्मेसी में शनिवार को बीफार्मा के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत में भव्य फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और विभिन्न प्रतियोगिताओं के बीच विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समारोह के मुख्य अतिथि



ग्रुप के उपाध्यक्ष डॉक्टर वाईके सिंह रहे। केजे कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉक्टर मिथिलेश द्विवेदी ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। वहीं सन्मुख कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉक्टर सचिन अग्रहरी ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य शिक्षा के साथ विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। प्रतियोगिताओं में बीफार्मा प्रथम वर्ष के शिवम कुमार वर्मा को मिस्टर फ्रेशर और अंशिका सिंह को मिस फ्रेशर चुना गया। अंत में प्राध्यापकों एवं फैकल्टी सदस्यों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मतदाता सूची शुद्ध एवं त्रुटिरहित हो, कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाये- विवेक जोशी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्वाचन आयुक्त ने किया आयुक्त कार्यालय में निर्वाचन से सम्बंधित कार्यों की समीक्षा

भारत निर्वाचन आयोग के निर्वाचन आयुक्त विवेक जोशी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के साथ मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित रखा जाये। कोई भी पात्र मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। मतदाता जागरूकता अभियान सिनेमा हाल में विज्ञापन के माध्यम से भी लोगों को जागरूक करे। महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, छात्रावासों और भर्ती रैलियों में शिविर लगाकर युवा मतदाताओं से फार्म-६ भरवाए जाए। वह शनिवार को कमिश्नरी सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। जेंडर अनुपात की समीक्षा में महिलाओं का प्रतिशत कम पाए जाने पर उन्होंने पात्र महिलाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा। इसमें स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं का सहयोग लेने पर भी



जोर दिया। उन्होंने फार्म-८ के माध्यम से संशोधन संबंधी कार्यों की नियमित निगरानी और निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की महत्वपूर्ण भूमिका है। निर्वाचन कार्य में लगे कार्मिकों को बेहतर प्रशिक्षण दिया जाए। एक बूथ पर १२ सौ से अधिक मतदाता नहीं होने चाहिए। मतदान केंद्रों पर कार्मिकों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के साथ संवेदनशील बूथों के चिन्हीकरण और कानून व्यवस्था की भी समीक्षा की। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित कार्यों, जनपद की सामान्य जानकारी तथा विधानसभा क्षेत्रवार ईपी अनुपात और जेंडर अनुपात सहित अन्य बिंदुओं की जानकारी दी।

इससे पूर्व निर्वाचन आयुक्त ने संपूर्णानंद, राजकीय क्वींस कालेज और मॉडल प्राइमरी स्कूल, कैंटोनमेंट में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया।। मंडलायुक्त के. विजयेंद्र पांडियन ने निर्देशों का अक्षरशः पालन कराने का आश्वासन दिया। बैठक में पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंकज कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मैजिक के धक्के से अधेड़ की मौत

शिवपुर थाना क्षेत्र के लोढ़ान फंटेसिया वॉटर पार्क के सामने रिंग रोड पर शनिवार को प्रातः डीजे लदी मैजिक की धक्के से जसवंत सिंह ५७ वर्ष की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार दादूपुर निवासी जसवंत सिंह प्रातः घर से टहलने के लिए निकले थे। वह लोढ़ान फंटेसिया वॉटर पार्क के सामने रिंग रोड पर पहुंचे। उसी दौरान चांदमारी की तरफ से तेज रफ्तार से आरही डीजे लड़ी म्यूजिक ने उन्हें जोरदार टक्कर मारते हुए पलट गयी।इस हादसे में वह घायल हो गये।

दुर्घटना के बाद चालक मैजिक छोड़कर फरार हो गया।राहगीरो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को पंडित दीनदयाल चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना की जानकारी पाकर मृत अधेड़ के परिजन अस्पताल पहुंच गए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।साथ ही दुर्घटना ग्रस्त वाहन को अपने कब्जे में ले लिया।

उच्च न्यायालय की कमीशन टीम ने नावेद काम्पलेक्स का लिया जायजा

बेनियाबाग स्थित नावेद काम्पलेक्स में शनिवार को उच्च न्यायालय के निर्देश पर कमिश्नर की टीम पहुंची और उन्होंने क्षेत्रीय दूकानदारों सहित आसपास के लोगों से वार्ता करते हुए उनका सुझाव भी नोट किया। कमिश्नर के आने से व्यापक संख्या में फोर्स की व्यवस्था की गयी थी और साथ ही पुलिस प्रशासन और नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि काम्पलेक्स के भीतर मेन सीवर लाईन होने की वजह से क्षेत्र में जलजमाव होता है इसको लेकर नगर निगम प्रशासन ने निर्माण किये गये दूकानों को तोड़ने का निर्देश दिया था। मामला उच्च न्यायालय में पहुंचने के बाद दोनों पक्षों ने अपना-अपना तर्क प्रस्तुत किया था जिसके आधार पर कमीशन मौके पर पहुंचकर अपनी रिपोर्ट उच्च न्यायालय में पेश करेगी। इस संबंध में अपर नगर आयुक्त



बेनियाबाग स्थित नावेद काम्पलेक्स का निरीक्षण करने पहुंची उच्च न्यायालय की टीम और साथ में स्थानीय अधिकारी।

सभी कारवाई नियमानुसार ही पूर्ण की जायेगी-अपर नगर आयुक्त

बरखा सिंह ने बताया कि कमिश्नर ने अपने ढंग से प्रत्येक चीजों को देखा और दूकानदारों सहित अन्य लोगों से बातचीत की क्योंकि यह उच्च न्यायालय का मामला है इसलिए उसकी रिपोर्ट न्यायालय से ही प्राप्त होगी। विशेष सूत्रों से जानकारी के अनुसार इस विषय में बीएचयू के आईटी विभाग ने अपनी जांच रिपोर्ट दे चुका है। अब उच्च न्यायालय के निर्देश पर नगर निगम शेष कारवाई करेगा। हालांकि दूकानदारों का स्पष्ट इस बात का दबाव दे रहा है कि अगर दूकान खाली करना पड़ेगा तो बेनिया में उनको स्थापित किया जाय।

बारात से लौट रही कार शीशम के पेड़ से टकरायी, एक की मौत, दो लोग घायल

राजातालाब। स्थानीय थाना क्षेत्र के जक्खिनी चौकी अंतर्गत जमुनी और तिलंगा गांव के बीच बारात से लौटते समय कार अनियंत्रित होकर शीशम के पेड़ से टकरा गयी। हादसे में ७३ वर्षीय कृपा शंकर उपाध्याय की मौत हो गयी, जबकि लगभग ७० वर्षीय जीत नारायण शुक्ल तथा चालक संगम चौबे ३० वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा तथा घायलों को इलाज के लिए बीएचयू स्थित ट्रॉमा सेंटर भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मिर्जापुर जिले के कछवां थाना क्षेत्र के भगीरथपुर गांव से बारात वाराणसी जिले के मरुई गांव निवासी सुभाष शुक्ल की पुत्री की शादी में आयी थी। शादी शहंशाहपुर स्थित श्याम मैरिज लॉन में हो रही थी। शादी समारोह में खाना खाने के बाद बाराती कार से वापस भगीरथपुर लौट रहे थे। इसी दौरान जक्खिनी चौकी क्षेत्र के अंतर्गत जमुनी और तिलंगा के बीच कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया और रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी है।

किशोरी रहस्यमय ढंग से गायब, अपहरण का मुकदमा दर्ज

बड़ागांव थानाक्षेत्र के एक गांव निवासिनी इंटर में पढ़ने वाली एक किशोरी १८ नवंबर को रात घर से गायब हो गयी। काफी तलाश के बाद उसके पिता ने पड़ोस के गांव के एक युवक पर अपहरण कराने का आरोप लगाते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया है। पुलिस दोनों की तलाश कर रही है। गायब किशोरी के पिता ने पुलिस को दिये गये प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि घटना के दिन परिवार के लोग खाना खाकर सो गये सुबह उठकर देखा तो मेरी पुत्री गायब थी। कुछ दिनों पूर्व धनेसरी गांव निवासी युवक समीर मेरी पुत्री से छेड़छाड़ किया था जिसपर हमने उसे डांटा फटकारा था हमें आशंका है कि मेरी पुत्री के अपहरण में समीर का पुरा हाथ है।

पुरानी यादों और नये संकल्पों के साथ हुआ बीएचयू अस्थि रोग विभाग का पुरा छात्र सम्मेलन

काशी हिंदू विश्वविद्यालय के चिकित्सा विज्ञान संस्थान के अस्थि रोग विभाग की ओर से शनिवार को पुरा छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें देश के विभिन्न राज्यों और विदेश से आए पूर्व छात्रों एवं प्रख्यात चिकित्सकों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर वाइस चांसलर प्रोफेसर अजित कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि पुरा छात्र बीएचयू परिवार का अभिन्न हिस्सा हैं। पुरा छात्रों से श्रेष्ठ विद्यार्थियों और योग्य शिक्षकों को संस्थान से जोड़ने चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार संस्थान को एम्स जैसी संरचना प्रदान करने की दिशा में कार्य कर रही है। इसके तहत सभी विभागों को पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया जा रहा है। अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर के विस्तार के लिए नया मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। अस्थि रोग विशेषज्ञ प्रोफेसर एसएम तुली ने काशी से जुड़े संस्मरण साझा किये। कहा कि पूर्वांचल के आमजन की सेवा ने उन्हें अस्थि रोग विज्ञान के साथ इसकी कला भी सिखायी। उन्होंने टीम वर्क को सफलता की कुंजी बताते हुए युवा चिकित्सकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और निःस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करने की सलाह दी। चिकित्सा संकाय प्रमुख प्रोफेसर संजय गुप्त ने प्रोफेसर तुली को स्वास्थ्य जगत का प्रेरणास्रोत बताया। प्रोफेसर अमित रस्तोगी ने पूर्व छात्रों की उपलब्धियों को वरिष्ठ शिक्षकों के उत्कृष्ट प्रशिक्षण का परिणाम बताया। आयोजन सचिव प्रोफेसर शिवम सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। सम्मेलन में एम्स ऋषिकेश के अध्यक्ष प्रोफेसर राज बहादुर सहित अनेक चिकित्सक और शिक्षक उपस्थित रहे।

जन्सा का सुप्रसिद्ध एकादशी मेला हर्षोल्लास वातावरण के बीच सम्पन्न

रामेश्वर। जन्सा क्षेत्र का सुप्रसिद्ध जन्सा का एकादशी मेला बड़े श्रद्धा पूर्वक हर्षोल्लास वातावरण के बीच सकुशल सम्पन्न हुआ। मेला परिधि क्षेत्र में जय श्री राम के उदघोष के साथ विशाल दर्जनों लॉग विमान निकाली गयी। लॉग रथ के पीछे श्रद्धालु जय-जयकार के उद्घोष के साथ चल रहे थे। एकादशी के दिन लगने वाले जन्सा का मेला लगभग

आकर्षण का केंद्र रहा लॉग-विमान

दो किमी की परिधि में फैला हुआ था। मेला परिधि क्षेत्र के दोनों पटरियों पर छोटी-बड़ी सैकड़ों दुकानें लगी हुयी थी। सायं काल मेला स्थल पूरी तरह अपने रंग में आ गयी जहा पर पैर रखने का जगह नहीं रहा। रात में विशाल लॉग विमान निकाली गयी जो आकर्षण का केंद्र रहा। लॉग प्रदर्शन में दुर्गा जी द्वारा नर संहार, शंकर जी कैलाश पर्वत पर तपस्या, भागीरथ, गंगा के निर्मलीकरण, शंकर जी के जटा से स्वच्छ जल सहित लगभग १४ लॉग विमान निकाली गयी। मेला संयोजक की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लॉग विमान को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार शील्ड, अंगवस्त्रम् एवं नकदी देकर पुरस्कृत



किया गया। मेला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, क्षमा शंकर मिश्र, गुलाब सिंह, डाक्टर शिवनाथ, नन्दलाल यादव, दयाशंकर सिंह, शिवशंकर विश्वकर्मा, कैलाश सहित आदि लोगों का विशेष सहयोग रहा। मेला समिति की ओर से ध्वनि विस्तारण यन्त्र से खोये पाये हुए लोगों को स्वयं सेवी मिलाते रहे।

आकाशदीप का होगा समापन, चार बलिदानियों को भागीरथी शौर्य सम्मान

गंगा आरती और देव दीपावली की होगी वेब कास्टिंग, २१ क्विंटल फूलों से सजेगा गंगा तट, हजारों लोग बनेंगे भव्य गंगा आरती के साक्षी, जवान देंगे सलामी

कार्तिक मास की पूर्णिमा तिथि पर डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद घाट पर होने वाली नियमित गंगा आरती और भी भव्य होगी। इसके लिए व्यापक तैयारी की गई है। देव दीपावली पर २४ नवंबर को दशाश्वमेध घाट को २१ क्विंटल माला-फूल और ५१ हजार दीपों से सजाया जाएगा। इसके साथ ही आकाशदीप का समापन किया जाएगा।

इस दौरान चार बलिदानियों को भागीरथी शौर्य सम्मान दिया जाएगा। ये सम्मान उनके परिजनों को दिया जाएगा। देव दीपावली पर श्रद्धालु घर बैठकर मां गंगा की आरती देख सकेंगे। यह जानकारी गंगा सेवा निधि के अध्यक्ष सुशांत मिश्र ने शनिवार को दशाश्वमेध घाट स्थित गंगा सेवा निधि कार्यालय में पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि एक संकल्प गंगा किनारे के माध्यम से मां गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने, पर्यावरण व जल संरक्षण के लिए गंगा सेवा निधि की ओर से श्रद्धालुओं व पर्यटकों को संकल्प दिलाकर मां गंगा को स्वच्छ और निर्मल बनाने का आह्वान किया जाएगा। सांस्कृतिक आयोजन में पद्मश्री अनूप जलोटा द्वारा माँ गंगा के तट पर स्वरांजलि प्रस्तुत करेंगे।



सुशांत मिश्र ने बताया कि गंगा सेवा निधि की ओर से बनाए गए अमर जवान ज्योति की अनुकृति पर संस्था के संस्थापक सदस्य अवनी कुमार धर की ओर से रिथ लेईंग की जाएगी। कार्तिक मास पर्यंत देश के जिन छह अमरवीर योद्धाओं की स्मृति में आकाशदीप जलाए गए हैं, उन्हें भागीरथ शौर्य सम्मान दिया जाएगा। कार्यक्रम के अगले चरण में चंद्रमौलि उपाध्याय, श्रीधर पांडेय और गंगा सेवा निधि के प्रमुख अर्चक आचार्य रणधीर के नेतृत्व में २१ ब्राह्मण मां गंगा का वैदिक रीति से पूजन करेंगे। दुर्गा चरण इंटर कॉलेज की ४२ कन्याएं रिद्धि सिद्धि के रूप में चंवर डुलाएंगी। श्री काशी विश्वनाथ डमरु दल के १० स्वयंसेवक डमरू वादन करेंगे। इस दौरान संरक्षक इन्दु शेखर शर्मा, अवनी कुमार धर, सुरजीत कुमार सिंह, सचिव (सोसाइटी) एवं हनुमान यादव सचिव (ट्रस्ट) मौजूद रहे।

स्वयंसेवकों के हाथ कमान,

सीसीटीवी से निगरानी

संस्था की ओर से २४ सीसीटीवी कैमरे, भारत सेवाश्रम संघ के १०० स्वयंसेवक और सुरक्षा उपकरणों के साथ गंगा सेवा निधि के १५० वॉलेंटियर्स रहेंगे। राजकीय चिकित्सालय की ओर से चिकित्सकों की टीम और एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है। एनडीआरएफ की तरफ से वाटर एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है। देव-दीपावली महोत्सव की महाआरती और पूरा आयोजन संस्था के यूट्यूब चैनल पर लाइव देखा जा सकता है।

जवान देंगे गार्ड ऑफ ऑनर

३९ जीटीसी के जवान लास्ट पोस्ट व गार्ड ऑफ ऑनर भी देंगे। वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट के वरिष्ठ अधिकारी, कमॉडिंग आरपीएफ (एनईआर), कॉडिंग सीआईएसएफ, एयर ऑफिसर कमॉडिंग, चार वायु सेना प्रवरण बोर्ड, ३९ जीटीसी, वाराणसी डायेक्टर जनरल एनडीआरएफ की मौजूदगी में जवान अमर जवान ज्योति के समक्ष रिथ लेइंग के जरिए श्रद्धांजलि देंगे।

आज से होंगे बुद्ध के अस्थि अवशेषों के दर्शन

१५ हजार दीपों से जगमगायेगा सारनाथ का बौद्ध मंदिर, २४ को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

भगवान बुद्ध की प्रथम उपदेश स्थली सारनाथ में देश-विदेश के श्रद्धालुओं को उनके पवित्र अस्थि अवशेषों के दर्शन का दुर्लभ अवसर मिलेगा। २२ से २४ नवंबर तक मूलगंध कुटी विहार में भगवान बुद्ध के करीब ढाई हजार वर्ष पुराने अस्थि अवशेष श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ रखे जाएंगे। तीनों दिन सुबह छह से 11 बजे तक दर्शन किए जा सकेंगे। इस आयोजन में नौ देशों के बौद्ध भिक्षु और अनुयायी शामिल होंगे। जबकि, २२ नवंबर से कार्तिक पूर्णिमा तक सारनाथ के विभिन्न बौद्ध मंदिर १५ हजार दीपों और रंग-बिरंगी विद्युत झालरों से जगमगाएंगे। महाबोधि सोसाइटी ऑफ इंडिया के सचिव भंते आर. सुमितानंद थेरो ने बताया कि मंदिर के वार्षिकोत्सव पर भगवान बुद्ध के पवित्र अस्थि अवशेषों की परंपरागत पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके बाद उन्हें गर्भगृह से निकालकर



मंदिर के मध्य में सुसज्जित आसन पर स्थापित किया जाएगा। करीब १६०० वर्ष पुरानी इन पवित्र अस्थियों के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

२४ को निकलेगी अस्थि अवशेषों की शोभायात्रा

कार्तिक पूर्णिमा यानी २४ नवंबर को दोपहर १२ बजे पवित्र अस्थि पात्र और अस्थियों की मंजूषा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह मूलगंध कुटी विहार से सारनाथ चौराहा, संग्रहालय, अशोक स्तंभ, आजीविका मार्ग और प्राचीन स्मारक स्थल होते हुए वापस विहार पहुंचेगी। शोभायात्रा में बौद्ध भिक्षुओं, उपासक-उपासिका मंडलियों और स्कूली बच्चों की भागीदारी रहेगी।

नौ देशों के भिक्षु और अनुयायी होंगे शामिल

आयोजन में थाईलैंड, वियतनाम, कंबोडिया, श्रीलंका, जापान, भूटान, तिब्बत और नेपाल सहित विभिन्न देशों से बौद्ध भिक्षु और अनुयायी पहुंचेंगे। इसके अलावा झारखंड, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और दिल्ली समेत कई राज्यों से श्रद्धालु शामिल होंगे। मूलगंध कुटी विहार सहित श्रीलंका, जापान, थाईलैंड, वियतनाम और कंबोडिया के बौद्ध मंदिरों को विद्युत झालरों से सजाया गया है। मंदिरों में पंचशील के झंडे लगाए गए हैं और दीपदान की तैयारियां की गई हैं।